द मौर्या स्कूल, पालम विहार, गुरुग्राम

शैक्षिक सत्र 2021 – 2022

विषय – हिंदी

कक्षा – पाँचवी

दोहराई परीक्षा

अपठित पद्यांश व पर्यायवाची

अ. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों (1 – 5) के सही उत्तर का चयन कीजिए –

मैने छुटपन में छिपकर पैसे बोए थे
सोचा था, पैसों के प्यारे पेड़ उगेंगे,
रुपयों की फलदार मधुर फसलें खनकेंगी,
और फूल फलकर, मैं मोटा सेठ बनूँगा।

पर बंजर धरती में एक न अंकुर फूटा,
बंध्या मिट्टी ने न एक भी पैसा उगला।
मैं हताश हो, बाट जोहता रहा दिनों तक,
बाल कल्पना में मैंने गलत बीज बोए थे।

प्रश्न 1. कवि ने बचपन में क्या काम किया था ?

क.) पैसे बोए थे। ख.) पौधे उगाए थे। ग.) बीज बोए थे।

प्रश्न 2. कवि ने उस समय क्या बात सोची थी ?

क.) आम के पेड़ उगेंगे। ख.) फूलों के पेड़ उगेंगे। ग.) पैसों के पेड़ उगेंगे।

प्रश्न 3. फसल पाकर कवि ने क्या बनने की कल्पना की थी ?

क.) लेखक बनने की। ख.) नेता बनने की। ग.) अमीर सेठ बनने की।

प्रश्न 4. बाल कल्पना में कवि ने क्या किया ?

क.) गीले बीज बोए थे। ख.) गलत बीज बोए थे। ग.) सही बीज बोए थे।

प्रश्न 5. 'धरती' शब्द का समानार्थी चुनिए –

क.) नभ ख.) धरा ग.) तटिनी

LIVEWORKSHEETS

ब. नीचे पर्यायवाची शब्दों की एक टोकरी दी गई है। टोकरी में से समानार्थी शब्दों को उठाकर दिए गए शब्दों के सामने रखिए –

1. तलवार –
2. पर्वत –
3. नाव –
4. झंड़ा –
5. पक्षी –




LIVEWORKSHEETS